पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने राजभवन में मियावाकी वन का किया उद्घाटन

ऑक्सीजन प्रदायी पेड़ पौधों की मानव जीवन मे महत्वपूर्ण भूमिका है

अच्छी चीजें आत्मसात कर उसे क्रियान्वित किया जाना चाहिए

पर्यावरण के प्रति हमें प्रेम दिखाना चाहिए

-राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 31 अगस्त, 2024

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी द्वारा आज राजभवन परिसर में 'मियावाकी वन' का उद्घाटन किया गया। राज्यपाल जी के द्वारा राजभवन के अधिकारीगण, कर्मचारियों, अध्यासितगण, राजभवन उच्च प्राथमिक विद्यालय व उम्मीद संस्था के बच्चों के साथ कार्यक्रम में सामूहिक प्रतिभाग कर कुल 22 प्रजातियों के 4750 पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि मानव जीवन ऑक्सीजन से ही चलता है। अतः ऑक्सीजन प्रदायी पेड़ पौधों की जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कुदरत हमें बहुत कुछ देना चाहती है,

जरूरत है उसे एक्सप्लोर करने की। उन्होंने कहा हमें सभी जगहों से अच्छी चीजें आत्मसात कर उसे क्रियान्वित करना चाहिए।

राज्यपाल जी ने कहा कि रोपित पेड़–पौधों की परवरिश भी हमें ही करनी चाहिए। पर्यावरण के प्रति हमें प्रेम दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुंदर प्रकृति का नज़ारा सभी की आंखों को अच्छा लगता है। अतः हरियाली, बारिश, आदि हेतु प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राचीनकाल में ऋषि मुनियों की साधना प्रकृति के सानिध्य में पेड़ पौधों के बीच में ही होती थी अतः प्रकृति और वृक्षारोपण हेतु सभी को प्रयास करना चाहिए।

आज राजभवन परिसर में जापान की मियावाकी पद्धति से वनारोपण किया गया। इस पद्धति में प्रत्येक वर्ग मीटर में वृक्ष, हर्ब, झाड़ी, उप झाड़ी प्रजाति के पौधों को समूहबद्ध कर उगाया जाता है। आज रोपित पौधों में मुख्य रूप से नीम, अर्जुन, कंजी, अमरूद, आँवला, शीशम, सहजन, सप्तपर्ण, गुलमोहर, आम, कचनार, जामुन, जट्रोफा, लेमन ग्रास आदि शामिल है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल, डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, प्रभागीय वनाधिकारी, उद्यान अधिकारी राजभवन श्री बी0 पी0 सिंह, राजभवन के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, अध्यासितगण, राजभवन प्राथमिक विद्यालय के बच्चे, उम्मीद संस्था के बच्चे आदि उपस्थित रहे।

——————

संपर्क सूत्र :
कृष्ण कुमार,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0 : 9454468250

मियावाकी वन की स्थापना एवं उद्घाटन